राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

# राजस्थान पुलिस
# उप निरीक्षक (SI)
# भर्ती परीक्षा 2025

## सम्पूर्ण PYQ's संग्रह

**विगत वर्ष प्रश्न-पत्र संग्रह व्याख्या सहित**
**(2021, 2018, 2011, 2007, 2002)**

**PAPER-1: हिंदी भाषा**
एवं
**PAPER-2: सामान्य ज्ञान व सामान्य विज्ञान**

सभी प्रश्नों की व्याख्या
41 जिले व 7 संभाग
पर आधारित

विगत वर्ष के प्रश्नों का व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध



मारवाड़ी सर नीरज सर


**अक्षांश पब्लिकेशन**
M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

# राजस्थान पुलिस
# उप निरीक्षक (SI)
# भर्ती परीक्षा 2025

## सम्पूर्ण PYQ's संग्रह

### विगत वर्ष प्रश्न-पत्र संग्रह व्याख्या सहित
### (2021, 2018, 2011, 2007, 2002)

**PAPER-1: हिंदी भाषा**
एवं
**PAPER-2: सामान्य ज्ञान व सामान्य विज्ञान**

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक
**मारवाड़ी सर, नीरज सर**

सह संपादक
**राजवर्धन बेगड़, गंगा सिंह, निशांत सोलंकी**
**प्रकाश मेघवाल, विकास नाथ, अनोपचंद मंडा**

प्रकाशन
**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

**MRP : ₹399**

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन**

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM | INSTAGRAM | YOUTUBE | FACEBOOK | WHATSAPP

बुक कोड - AP0021

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# विषय वस्तु

## 01 पेपर - 1 (हिन्दी)


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (15 सितम्बर, 2022) पेपर- 1 | 1–16 |
| 2. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (14 सितम्बर, 2022) पेपर- 1 | 17–31 |
| 3. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (13 सितम्बर, 2022) पेपर- 1 | 32–47 |
| 4. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (7 अक्टूबर, 2018) पेपर- 1 | 48–59 |
| 5. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (25 मई, 2011) पेपर- 1 | 60–75 |
| 6. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (26 अगस्त, 2007) पेपर- 1 | 76–77 |
| 7. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (5 जून, 2002) पेपर- 1 | 78–79 |


## 02 पेपर - 2 (सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान)


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (15 सितम्बर, 2022) पेपर-2 | 81–97 |
| 2. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (14 सितम्बर, 2022) पेपर-2 | 98–113 |
| 3. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (13 सितम्बर, 2022) पेपर-2 | 114–129 |
| 4. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (7 अक्टूबर, 2018) पेपर-2 | 130–146 |
| 5. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (25 मई, 2011) पेपर-2 | 147–167 |
| 6. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (26 अगस्त, 2007) पेपर-2 | 168–183 |
| 7. | पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा (5 जून, 2002) पेपर-2 | 184–196 |


❑❑❑❑

# पेपर - 1
## हिन्दी

**1. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए हैं?**
(a) विद्वता (b) कुसुमित
(c) आर्थिक (d) आधिपत्य **[d]**

**व्याख्या:–**
– अधि + पति + य = आधिपत्य
– विद्व + ता = विद्वता (केवल प्रत्यय)
– अर्थ + इक = आर्थिक (केवल प्रत्यय)
– **अन्य उपसर्ग व प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए शब्द –**

| | **शब्द** | **उपसर्ग + शब्द + प्रत्यय** |
|---|---|---|
| – | अत्याचारी | अति + आचार + ई |
| – | अभिमानी | अभि + मान + ई |
| – | अपशुकनी | अप + शकुन + ई |
| – | निर्बलता | निर + बल + ता |
| – | निर्भयता | निर + भय + ता |
| – | नपुंसकता | न + पुंसक + ता |
| – | आलौकिक | आ + लोक + इक |
| – | अनैतिक | अ + नीति + इक |
| – | परिपूर्णता | परि + पूर्ण + ता |
| – | कुकर्मी | कु + कर्म + ई |

**2. किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है?**
(a) मानवता (b) विवशता
(c) सुन्दरता (d) मित्रता **[a]**

**व्याख्या:–**
– मानवता = मनु + अ + ता
– विवशता = विवश + ता
– सुन्दरता = सुन्दर + ता
– मित्रता = मित्र + ता

**अन्य प्रत्यय–**
– समाज + इक = सामाजिक
– सुगंध + इत = सुगंधित
– मीठा + आस = मिठास
– लोहा + आर = लुहार
– नाटक + कार = नाटककार
– बड़ा + आई = बडाई
– होन + हार = होनहार

**3. 'ईय' प्रत्यय से रहित शब्द है–**
(a) राष्ट्रीय (b) भवदीय
(c) माननीय (d) भारतीय **[c]**

**व्याख्या:–**
– माननीय = मान + अनीय से निर्मित शब्द है।
– **अनीय प्रत्यय से निर्मित शब्द**– पठनीय, पूजनीय, स्मरणीय, दयनीय, आदरणीय, वंदनीय आदि।
– **ईय प्रत्यय से निर्मित शब्द**– केन्द्रीय, नाटकीय, भवदीय, धुरीय, ईश्वरीय, गोत्रीय आदि।

**4. किस शब्द में 'दान' प्रत्यय प्रयुक्त नहीं हुआ है?**
(a) इत्रदान (b) रक्तदान
(c) खानदान (d) कलमदान **[b]**

**व्याख्या:–**
– **दान प्रत्यय से निर्मित शब्द–** पायदान, कलमदान, रौशनदान, खानदान, अंगदान, अभयदान, कद्रदान, कन्यादान, अनुदान, पीकदान, इत्रदान आदि।

**5. किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है?**
(a) प्रकृति
(b) प्रत्यूष
(c) प्रज्वलित
(d) प्रख्यात **[b]**

**व्याख्या:–**
– प्रत्यूष = प्रति + ऊष होगा।
– **प्र उपसर्ग से निर्मित शब्द**– प्रदक्षिणा, प्रदर्शक, प्रदूषित, प्रदीप्त, प्रदायी, प्रध्वंसी, प्रपदन, प्रपात, प्रभाव, प्रभूत, प्रचंड, प्रमद, प्रमय, प्रमुख, प्रयत्न, प्रसार, प्रसिद्ध, प्रस्थापन, प्रकृति, प्रस्थापित, प्रस्थान, प्रस्पंदन, प्रस्फुट, प्रस्तुति, प्रसुप्ति, प्रस्खलन, प्रज्वलित, प्रख्यात आदि।

**6. किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं?**
(a) छिद्र, सौ
(b) सच, ग्राम
(c) आधा, काम
(d) मस्तक, श्वास **[d]**

**व्याख्या:–**
– जिन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के ले लिया जाता है, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।
– तत्सम शब्द संस्कृत भाषा के दो शब्दों, तत् + सम् से मिलकर बना है। तत् का अर्थ है– उसके, तथा सम् का अर्थ है– समान। अर्थात– ज्यों का त्यों।
– **महत्त्वपूर्ण तत्सम शब्द**– कार्तिक, कर्पूर, कुष्ठ, कर्ण, कृषक, कुम्भकर, कटु, कुक्षी, काष्ठ, कृष्ण, कुक्कुर, कन्दुक, गर्दभ, ग्राहक, गौरा, चतुर्थ, जिह्वा, कार्य।

**7. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है –**
(a) माँ
(b) मुख्य
(c) मनुष्य
(d) वानर **[a]**

**व्याख्या:–**
– संस्कृत के जो शब्द बिगड़ कर या कुछ परिवर्तित होकर हिंदी में प्रयुक्त होते हैं, उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं।
– जैसे– धूल, फूल आदि।

| | **तत्सम शब्द** | **तद्भव शब्द** |
|---|---|---|
| – | मातृ | माँ |
| – | मयूर | मोर |
| – | काक | कौआ |
| – | उलूक | उल्लू |

**8. कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?**
(a) भंडार (b) कुक्कुर
(c) घर (d) कंगन **[b]**

**व्याख्या:-**

| | तत्सम | - | तद्भव |
|---|---|---|---|
| - | गृह | - | घर |
| - | कंकण | - | कंगन |
| - | अग्नि | - | आग |
| - | चंद्र | - | चाँद |
| - | गृह | - | घर |
| - | क्षीर | - | खीर |
| - | पुष्प | - | फूल |
| - | दंत | - | दांत |
| - | मयूर | - | मोर |
| - | नयन | - | नैन |
| - | स्वर्ण | - | सोना |

**9. निम्नलिखित में देशज शब्द है -**
(a) नुक्कड़ (b) लंगोट
(c) मखौल (d) चमगादड़ **[c]**

**व्याख्या:-**

**देशज शब्दों के भेद इस प्रकार है-**

अपनी गढ़ंत से बने शब्द**-** जैसे**-** ऊधम**,** अंगोछा**,** खुरपा**,** ढोर**,** लपलपाना**,** बुद्ध**,** लोटा**,** परात**,** चुटकी**,** चाट**,** ठठेरा**,** खटपट आदि।

द्रविड़ भाषा से आए देशज शब्द**-** अनल**,** कटी**,** चिकना**,** ताला**,** लूंगी**,** इडली**,** डोसा आदि।

कोल**,** संस्थाल आदि से आए देशज शब्द**-** कपास**,** कोड़ी**,** पान**,** परवल**,** बाजरा**,** सरसों आदि।

**10. किस विकल्प में सभी शब्द विदेशी मूल के हैं?**
(a) मसाला, नमक (b) आज, चेहरा
(c) कबूतर, आसरा (d) लालच, कमरा **[a]**

**व्याख्या:-**

विदेशी भाषाओं से आए हुए शब्द निम्न हैं-

- **अरबी** – उम्र, हाल, जनाब, मामूली, हुक्म, वकील, हक, माल, हद, हवालात, हिसाब, मदद, हैजा, नहर, अदा, कातिल, बाज, वहम, खराब, वारिस, शराब, लायक, हौसला, लिफाफा, कर्ज, लफ्ज, एहसान, औसत, लिहाज, औरत, राय, मुहावरा, मतलब, औलाद, दवा, कसार, मशहूर, कब्र, मौका, किस्मत, मुसाफिर, हाकिम, दिमाग, तरक्की, दिमाग, ईमान, तजुर्बा, हमला, तरफ, कदम, तकिया, जालिम, तारीख, जिक्र, मल्लाह, तमाम, मुकदमा, तकाजा, मालूम, तकदीर, मजबूर, दवा, खबर इत्यादि।
- **फारसी** – कमीना, पैमाना, किशमिश, नामर्द, गिरफ्तार, चाबुक, गुलाब, दंगल, आतिशबाजी, गवाह, खरगोश, दिल, दीवार, सितार, गरम, मोर्चा, दवा, चिराग, याद, गुल, चासनी, चेहरा, चुकी, दरबार, कमरबंद, दिलेर, नाव, वरना, यार, वापिस, जिगर इत्यादि।
- **अंग्रेजी** – नोटिस, प्लेट, इंच, पाउडर, ऑर्डर, चेयरमैन, मील, थर्मामीटर, बोतल, कॉलर, तारपीन, कमीशन, थिएटर, गजट, कप्तान, अस्पताल, टिकट, क्रिकेट, इंजन, डॉक्टर, नंबर, इयररिंग, पेन, एजेंसी, पेंसिल, कंपनी, ड्राइवर, कमिश्नर, डिप्टी, काउंसिल, डायरी, जेल, गार्ड इत्यादि।
- **पुर्तगाली** – गोभी, ऑल पिन, इस्त्री, लबादा, तोलिया, गोदाम, बाल्टी, अलमारी, फीता, इस्पात, नीलाम, परात, तंबाकू, पादरी, आया, मेज, कमीज, साया, कनस्तर, पिस्तौल, कमरा, चाबी, काजू, गमला इत्यादि।

**11. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है-**
(a) संजोग (b) महीना
(c) पड़ोसी (d) कुटुंब **[d]**

**व्याख्या:-**

| तत्सम – तद्भव | तत्सम –तद्भव |
|---|---|
| कुटुंब – कुटुम | रोटी – रोटिका |
| पक्षी – पंछी | |
| दूध – दुग्ध | दश – दस |
| दु:ख – दुख | देखना – दृष्टि |
| दूर्वा – दुब | द्रोण – दोना |

**12. किस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा के रूप में प्रयुक्त हुई है?**
(a) हमें बुराइयों से दूर रहना चाहिए।
(b) भाषा की भिन्नताओं के बावजूद देशवासी अभिन्न हैं।
(c) लौह पुरुष के दृढ़ संकल्प ने देश को एक सूत्र में बाँधा।
(d) देश को नटवरलालों ने तरह-तरह से ठगा है। **[d]**

**व्याख्या:-**

देश को नटवरलालों ने तरह-तरह से ठगा है। इस वाक्य में 'नटवरलाल' से अर्थ विशिष्ठ वर्ग से लिया गया है इसलिए यहाँ जातिवाचक संज्ञा होगी।

व्यक्तिवाचक संज्ञा का जातिवाचक के रूप में प्रयोग–
जैसे – 'कलियुग में हरिश्चन्द्रों की कमी नहीं है।'
- 'हमें भारत में जयचन्द्रों पर कड़ी नजर रखनी चाहिये।'

**13. अनिश्चयवाचक सर्वनाम से युक्त वाक्य है -**
(a) यह मेरी पुस्तक है।
(b) वह कुछ खा रहा है।
(c) कौन जा रहा है?
(d) जो पढ़ेगा सो पास हो जाएगा। **[b]**

**व्याख्या:-**

- **अनिश्चयवाचक सर्वनाम-** जिससे किसी 'निश्चित' व्यक्ति**,** वस्तु या भाव का बोध न हो**,** उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे- कोई**,** कुछ आदि।
- **पुरुषवाचक सर्वनाम-** जो 'सर्वनाम' पुरुष या स्त्री संज्ञाओं के नाम के बदले में आता है**,** उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहा जाता है। जैसे**-** मैं**,** हम**,** तुम**,** वह आदि।
- **निश्चयवाचक सर्वनाम**- जिससे 'निश्चित' व्यक्ति**,** वस्तु या भाव का बोध हो**,** उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहा जाता है। जैसे**-** यह**,** वह**,** ये**,** वे**,** आप आदि।

- **सम्बन्धवाचक सर्वनाम–** जिस 'सर्वनाम' से वाक्य में आये 'संज्ञा' के साथ 'सम्बन्ध' स्थापित किया जाए, उसे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहा जाता है। जैसे– जो, सो, जिसकी, उसकी ।
- **प्रश्नवाचक सर्वनाम–** जिस 'सर्वनाम' का प्रयोग 'प्रश्न' करने के लिए किया जाता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहा जाता है। जैसे– कौन, क्या।
- **निजवाचक सर्वनाम–** जिस 'सर्वनाम' से 'स्वयं या निज' का बोध हो, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे– आप, स्वयं।

**14. किस वाक्य में पुरुषवाचक सर्वनाम नहीं है?**

(a) सामान कौन लाएगा? (b) आप यहाँ बैठिए।
(c) उसमें धैर्य की कमी है। (d) हम स्कूल जा रहे हैं। **[a]**

**व्याख्या:–**

- पुरुषवाचक सर्वनाम– जो 'सर्वनाम' पुरुष या स्त्री संज्ञाओं के नाम के बदले में आता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहा जाता है। जैसे– मैं, हम, तुम, वह आदि।
- 'सामान कौन लाएगा?' वाक्य में प्रश्नवाचक सर्वनाम है।

**15. विशेषण की उत्तमावस्था का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है?**

(a) यह बहुत सुंदर चित्र है।
(b) मेरा घर उसके घर से छोटा है।
(c) उसे सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए।
(d) मोहन की अपेक्षा सोहन होशियार है। **[c]**

**व्याख्या:–**

तुलनाबोधक विशेषण की तीन अवस्थाएँ होती हैं –

- **मूलावस्था** – जब किसी एक ही व्यक्ति या वस्तु विशेषता जैसे गुण, दोष, शर्म आदि स्वभाव बताने के लिए विशेषण का प्रयोग किया जाता है, तब उसे मूलावस्था कहते हैं। यहाँ किन्हीं दो वस्तु या व्यक्ति आदि की तुलना नहीं की जाती है।
  जैसे:– प्रकाश सुंदर लड़का है।
- **उत्तरावस्था** – जब किन्हीं वस्तुओं या व्यक्तियों की आपस में गुण, दोष आदि से तुलना की जाती है तब यह उत्तरावस्था कहलाती है। जैसे– ज्यादा सुन्दर, अधिक बुद्धिमान, ज्यादा तेज़ आदि।
  उदाहरण– प्रकाश,निशांत से सुंदर है।
- **उत्तमावस्था** – दो या दो से अधिक वस्तुओं या व्यक्तियों की विशेषता की तुलना की जाती है जिसमें से किसी एक को सर्वश्रेठ बताया जाता है, तो उसे विशेषण की उत्तमावस्था कहा जाता है।
  उदाहरण– प्रकाश सबसे सुंदर लड़का है।

**16. सर्वनाम से निर्मित भाववाचक संज्ञा कौन–सी है?**

(a) कायरता (b) ईर्ष्या
(c) अहंकार (d) औचित्य **[c]**

**व्याख्या:–**

सर्वनाम से निर्मित महत्त्वपूर्ण भाववाचक संज्ञाएँ –

- अहम् + कार = अहंकार,अपना + त्व = अपनत्व,
- निज + त्व = निजत्व, मम + त्व = ममत्व,
- अपना + पन = अपनापन, पराया + पन = परायापन,
- सर्व + स्व = सर्वस्व, मम + ता = ममता।

**17. प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है?**

(a) तुम्हें देर तक नहीं सोना चाहिए।
(b) अध्यापक छात्र से कहानी लिखवाता है।
(c) हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए।
(d) उसने मेरे लिए सामान खरीदा। **[b]**

**व्याख्या:–**

- जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे 'प्रेरणार्थक क्रियाएँ' कहलाती है,
- जैसे– मोहन मुझसे किताब लिखाता है।
- इस वाक्य में मोहन (कर्ता) स्वयं किताब न लिखकर 'मुझे' दूसरे व्यक्ति को लिखने की प्रेरणा देता है।

**18. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है?**

(a) माँ बच्चे को सुलाती है।
(b) चीता तेज़ दौड़ता है।
(c) वह बहुत समय से सो रहा है।
(d) शोरगुल से बच्चा जाग गया। **[a]**

**व्याख्या:–**

- वह क्रिया जो वाक्य में कर्म की अपेक्षा करती है अर्थात् जिनके प्रयोग में कर्म की आवश्यकता होती है, सकर्मक क्रिया कहलाती है।
- जैसे– किसान हल से खेत जोत रहा है।

**19. क्रिया–विशेषण रहित वाक्य है–**

(a) वह अचानक चला गया।
(b) मेरी बात ध्यान से सुनो।
(c) नौकर मालिक से खुश रहता है।
(d) वह प्राय: यहाँ आया करते थे। **[c]**

**व्याख्या:–**

क्रिया–विशेषण– वह शब्द जो हमें क्रिया की विशेषता के बारे में बताते हैं, वे शब्द क्रिया–विशेषण कहलाते हैं।
जैसे– हिरण तेज़ भागता है।
चीता तेज़ दौड़ता है।
शेर धीरे–धीरे आगे बढ़ता है।

**20. संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है?**

(a) वह मेरे घर के पीछे रहता है।
(b) हमारे शहर के आसपास बहुत हरियाली है।
(c) माँ के बिना घर सूना–सूना लगता है।
(d) यह काम पहले करना चाहिए था। **[d]**

**व्याख्या:–**

- संबंधसूचक अव्यय– वे अव्यय शब्द जो किसी संज्ञा शब्द (अथवा संज्ञा के समान उपयोग में आने वाले शब्द) के आगे आकर उसका संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ स्थापित करते हैं, उसे संबंध सूचक कहते हैं। जैसे:–
- पानी के बिना जीवन नहीं है।
- धन के बिना किसी का काम नहीं चलता।

**21. किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**

(a) वे कल जा रहे हैं।
(b) आप तो महान हैं।
(c) कोई आदमी आया था।
(d) वह पुस्तक पढ़ रहा है। **[c]**

**व्याख्या:-**

- ऐसे सर्वनाम शब्द जो संज्ञा से पहले लगकर उस संज्ञा की विशेषता बताते हैं, वह सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।
- जैसे- मेरा आदमी घर पहुंच गया है।
- सार्वनामिक विशेषण के निम्न प्रकार हैं-

1. संकेतवाचक सार्वनामिक विशेषण
2. अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
3. प्रश्नवाचक सार्वनामिक विशेषण
4. सम्बन्धवाचक सार्वनामिक विशेषण
5. मौलिक सार्वनामिक विशेषण
6. यौगिक सार्वनामिक विशेषण

**22. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(a) शहर भर में यह बात फैल गई।
(b) वह तो घर पर नहीं है।
(c) मैं भी आपके साथ चलूंगा।
(d) मैं घर जा रहा हूँ ताकि आराम कर सकूँ। **[d]**

**व्याख्या:-**

- निपात- किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसे निपात कहते है।
- जैसे- तक, मत, क्या, हाँ, भी, केवल, जी, नहीं, न, काश आदि।

**निपात के प्रकार निम्न हैं-**

- स्वीकृतिबोधक (स्वीकार्य) निपात – हा, जी, जी हाँ।
- नकारबोधक निपात – जी नहीं, नहीं।
- निषेधबोधक निपात – मत।
- प्रश्नबोधक निपात – क्या।
- विस्मयबोधक निपात – क्या, काश।
- तुलनाबोधक निपात – सा।
- अवधारणाबोधक निपात– ठीक, करीब, लगभग, तकरीबन।
- आदरबोधक निपात – जी।

**23. निम्नलिखित में 'पवन' का पर्यायवाची नहीं है –**

(a) वात (b) मारुति
(c) अनिल (d) समीर **[b]**

**व्याख्या:-**

- पवन के पर्यायवाची – वायु, हवा, समीर, वात, मारुत, अनिल, पवमान, प्रभंजन, प्रवात, समीरण, मातरिश्वा, बयार।
- हनुमान के पर्यायवाची – मारुति, बजरंगबली, पवनसुत, पवनकुमार, महावीर, शंकरसुवन, रामदूत, मारुततनय, अंजनीपुत्र, आंजनेय, कपीश्वर, केशरीनंदन, मारुति, मनोजवाय।

**24. किस विकल्प में सभी शब्द 'घर' के पर्यायवाची हैं?**

(a) निकेत, निलय (b) सदन, साकेत
(c) आलय, निकुंज (d) गृह, भुवन **[a]**

**व्याख्या:-**

- घर के पर्यायवाची – गृह, गेह, आवास, धाम, निवास, बसेरा, डेरा, भवन, बासा, वास, वासस्थान, निकेतन, सदन, आगार, आलय, अयन, निलय, निकेत, मकान आदि।
- निकुंज (लतामंडप) के पर्यायवाची – लतागृह, पर्णशाला, झाड़ी, घना जंगल।
- साकेत (अयोध्या) के पर्यायवाची – स्वर्ग, रामपुरी, अयोध्या, कोशल, अवधपुरी।
- भुवन के पर्यायवाची – संसार, जगत, विश्व, दुनिया, ब्रह्माण्ड, आदि।

**25. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं है?**

(a) समुद्र, उदधि (b) चपला, बिजली
(c) चंद्रमा, शशांक (d) भास्कर, निशाकर **[d]**

**व्याख्या:-**

- समुद्र के पर्यायवाची – सागर, वारीश, अर्णव, जलधि, सिंधु, रत्नाकर, नीरनिधि, पयोधि, नदीश, नीरधि, वारिधि, उदधि, पयोनिधि, जलधाम, पारावार इत्यादि।
- बिजली के पर्यायवाची – घनप्रिया, इन्द्रवज्र, शया, चंचला, सौदामिनी,चपला,बीजुरी, क्षणप्रभा, घनवल्ली, ऐरावती, तड़ित, विद्यूत, दामिनी आदि।
- चंद्रमा के पर्यायवाची – निशाकर, चाँद, चंद्र, हिमांशु, सुधांशु, राकापति, शशि, सारंग, निशापति, रजनीपति इत्यादि।
- सूर्य के पर्यायवाची – भास्कर, मार्तण्ड, सूरज, पतंग, रवि, अंशुमाली, दिनकर, आदित्य, मरीची, तरणि, दिनकर, भानु, सविता, दिवाकर, प्रभाकर, आदित्य, हंस, अर्क, दिनेश आदि।

**26. विस्मयबोधक अव्ययों के संबंध में कौन–सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) ये वक्ता के हर्ष, शोक आदि मनोभावों को व्यक्त करते हैं।
(b) इनके आगे विस्मयबोधक चिह्न लगाया जाता है।
(c) एक ही विस्मयबोधक शब्द से सभी मनोभावों को सूचित किया जा सकता है।
(d) ये वाक्य से स्वतंत्र होते हैं। **[c]**

**व्याख्या:-**

- **विस्मयादिबोधक अव्यय** – जिन अवयवों का संबंध वाक्य के किसी पद से नहीं होता बल्कि जो अव्यय केवल वक्ता के आनंद, हर्ष, भय, शोक, तिरस्कार, घृणा आदि भाव सूचित करते हैं, उन्हें विस्मयादिबोधक अव्यय कहते हैं।
- जैसे- ओह ! कमबख्त ने कितनी बेदर्दी से पीटा है।
- **अव्यय के प्रकार** – क्रियाविशेषण अव्यय, समुच्चयबोधक अव्यय, संबंधबोधक अव्यय और विस्मयादिबोधक अव्यय।
- **क्रियाविशेषण अव्यय** – जो अव्यय क्रियाओं की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण अव्यय कहते हैं।
- जैसे – आजकल लोग ठीक से बताते भी तो नहीं।
- **समुच्चयबोधक अव्यय** – जो अव्यय एक वाक्य को दूसरे वाक्य से, एक शब्द समूह को दूसरे शब्द समूह या एक शब्द को दूसरे शब्द से जोड़ते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक अव्यय कहते हैं।
- जैसे- गोवा में उमस थी लेकिन जयपुर जितनी नहीं।

# पेपर - 2
## सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान

**1. मनुष्य की लाल रक्त कणिकाओं (RBC) का औसत जीवनकाल ________ होता है।**

(a) 80 दिन (b) 120 दिन

(c) 160 दिन (d) 40 दिन **[b]**

**व्याख्या –**

– लाल रक्त कोशिकाओं (RBC) को "एरिथ्रोसाइट्स" भी कहा जाता है। लाल रक्त कोशिकाओं का औसत जीवन काल 120 दिन होता है। लाल रक्त कोशिकाओं (RBC) में हीमोग्लोबिन वर्ण पाया जाता है जो ऑक्सीजन परिवहन में मदद करता हैं। लाल रक्त कोशिकाएँ (RBC) यकृत और प्लीहा में नष्ट हो जाती हैं। प्लीहा को RBC का कब्रिस्तान कहा जाता है। स्तनधारियों में लाल रक्त कोशिकाओं (RBC) केंद्रक रहित होती है।

**2. निम्नलिखित में से कौन, दूध को प्राकृतिक तरीके से दही में परिवर्तित करने के लिए जिम्मेदार होता है?**

(a) विषाणु (वायरस) (b) जीवाणु (बैक्टीरिया)

(c) शैवाल (d) कवक **[b]**

**व्याख्या -**

– लैक्टोज का किण्वन **लैक्टिक अम्ल** बनाता है, जो दूध प्रोटीन के साथ अभिक्रिया करता है ताकि इसे दही में परिवर्तित किया जाता है। दही में लाभकारी बैक्टीरिया लैक्टोबैसिलस होता है। इन्हें प्रोबायोटिक्स कहा जाता है।

– वायरस एक कोशिकीय सूक्ष्म जीव हैं, जो केवल एक जीवित कोशिका में प्रजनन करता है जो न्यूक्लिक अम्ल और प्रोटीन से बने होते हैं।

– कवक एक प्रकार के जैव प्राणी है जो अपघटित कार्बनिक पदार्थों से अपना भोजन प्राप्त करता हैं। कवक का अध्ययन करने के विज्ञान को "माइकोलॉजी" कहा जाता है।

**3. निम्नलिखित में से कौन एक ग्रीन हाउस गैस <u>नहीं</u> है?**

(a) मीथेन

(b) नाइट्रोजन

(c) नाइट्रस ऑक्साइड

(d) कार्बन डाइऑक्साइड **[b]**

**व्याख्या –**

– जो गैसें पृथ्वी द्वारा उत्सर्जित तरंग दैर्ध्य श्रेणी में अवरक्त विकिरण को अवशोषित और उत्सर्जित करती हैं, ग्रीनहाउस गैसें कहलाती है। ग्रीनहाउस गैसें सूर्य से आने वाली (लघु-तरंग) विकिरण के लिए पारदर्शी होती हैं लेकिन इन्फ्रारेड (दीर्घ-तरंग) विकिरण को पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर निकलने से रोकती हैं।

– ग्रीनहाउस प्रभाव के लिए मुख्य जिम्मेदार गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और क्लोरोफ्लोरोकार्बन इत्यादि शामिल हैं।

– क्योटो प्रोटोकॉल (वर्ष 1997) संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेंट चेंज (UNFCCC) की एक अंतरराष्ट्रीय संधि है जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए देशों को प्रतिबद्ध करती है।

**4. निम्नलिखित में से कौन, किसी भौगोलिक क्षेत्र की जैव - विविधता के लिए संकट हो सकते हैं?**

**(A) वैश्विक तापन (ग्लोबल वॉर्मिंग)**

**(B) प्राकृतिक वास का विखंडन**

**(C) विदेशी प्रजातियों का आक्रमण**

**(D) शाकाहार को प्रोत्साहन**

**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल (B) और (C) (b) (A), (B), (C) और (D)

(c) केवल (A), (B) और (C) (d) केवल (A) और (B) **[c]**

**व्याख्या –**

– समस्त जीवों (पौधों एवं प्राणियों) की प्रजातियों में पाई जाने वाली विविधता को जैव विविधता कहा जा सकता है। जैव विविधता दिवस 22 मई को मनाया जाता है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण स्तर, मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से विभिन्न प्रजातियों के आवास नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण बहुत सारी प्रजातियाँ या तो विलुप्त हो गई या होने के कगार पर हैं। प्राकृतिक आपदाओं के कारण कभी-कभी जैव समुदाय के संपूर्ण आवास एवं प्रजाति का विनाश हो जाता है। बढ़ते तापमान के कारण समुद्री जैव-विविधता का विनाश हो जाता है। बढ़ते तापमान के कारण समुद्री जैव-विविधता खतरे में है। विभिन्न माध्यमों से जब एक क्षेत्र में दूसरे क्षेत्र विशेष से विदेशी प्रजातियाँ प्रवेश करती हैं तो वे वहाँ की मूल जातियों को प्रभावित करती हैं, जिससे स्थानीय प्रजातियों में संकट उत्पन्न होने लगता है। साथ ही जानवरों का अवैध शिकार, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, तटीय क्षेत्र का नष्ट होना और जलवायु परिवर्तन भी जैव-विविधता को प्रभावित करते हैं।

**5. चन्द्रयान -2 के "लैन्डर" का नाम है-**

(a) परम (b) विजय

(c) विक्रम (d) प्रज्ञान **[c]**

**व्याख्या –**

– 22 जुलाई, 2019 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SHAR) से चंद्रयान-2 अंतरिक्षयान को भूतुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV) मार्क-III से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। यह भारत का चंद्रमा पर दूसरा मिशन था। इसमें पूरी तरह से स्वदेशी ऑर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) का इस्तेमाल किया गया है। रोवर (प्रज्ञान) लैंडर (विक्रम) के अंदर स्थित था।

**6. भारतीय कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन को संगृहीत करने के लिए आवश्यक ताप परास है-**

(a) 1 - 5 $^0$C (b) 2 - 8 $^0$C

(c) 4 - 8 $^0$C (d) 0 - 8 $^0$C **[b]**

**व्याख्या –**

– सिरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा निर्मित कोवैक्सिन तथा भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन टीके को भारत में केवल 2 से 8 डिग्री सेल्सियस (2-8 °C) पर संग्रहीत किया जा सकता है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों ही कोविड से बचाव में कारगर हैं।

- कोविड -19 की जाँच के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने भारत के पहले स्व-परीक्षण (सेल्फ-टेस्टिंग) रैपिड एंटीजन टेस्ट (RAT) को मंज़ूरी प्रदान की, जिसे कोविसेल्फ नाम दिया गया है। इस किट को पुणे स्थित मॉलिक्यूलर कंपनी मायलैब डिस्कवरी सॉल्यूशन्स (MyLab Discovery Solutions) ने विकसित किया है।

**7. बुलेट प्रूफ जैकेट बनाने में सर्वाधिक सामान्यत: प्रयुक्त किए जाने वाला पदार्थ है-**

(a) कोलतार (b) केवेलर
(c) फुलरीन (d) फॉर्मेलिन **[b]**

**व्याख्या –**

- बुलेट प्रूफ जैकेट में सबसे प्रसिद्ध पदार्थ का उपयोग "केवलर" का होता है, जो एक पैरा-आर्मिड सिंथेटिक फाइबर है।
- फॉर्मेलिन फ़ॉर्मेल्डिहाइड का एक जलीय विलयन होता है जिसका उपयोग मृत जीवों के परीक्षण में किया जाता है।
- फुलेरीन कार्बन का एक बहुत ही उपयोगी समरूप है। बकमिनिस्टर फुलेरीन का सबसे सामान्य रूप है।
- कोल-तार काले या भूरे रंग का एक बहुत गाढ़ा द्रव होता है। जिसका उपयोग बॉयलरों को गर्म करने, साबुन, शैंपू आदि बनाने और पक्की सड़कों को बनाने के लिए किया जाता है।

**8. 'आकल काष्ठ जीवाश्म पार्क' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**

(a) अजमेर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बीकानेर **[c]**

**व्याख्या –**

- आकल जीवाश्म उद्यान भारत का एक राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक स्मारक है, जो जैसलमेर के आकल गांव में स्थित है। यह एक जैव विविधता विरासत स्थल भी है। यह उद्यान जैसलमेर के जीवाश्म बेल्ट में स्थित है, इस क्षेत्र में भू-गर्भीय उद्यानों की संभावना है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने वर्ष 1972 में इस स्थल को राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक स्मारक घोषित किया था। इस उद्यान में प्रारम्भिक जुरासिक काल के पेट्रोफिलम, पित्तलोफिलम, इक्विटिसिटिस प्रजातियां और डायकोटाइलडोनस लकड़ी और गैस्ट्रोपॉड गोले के जीवाश्म प्राप्त हुए है।

**9 प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में प्रतिभागियों की मदद करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक नि:शुल्क मोबाइल एप्प शुरू की है। उसका नाम है-**

(a) सक्सैस (b) रीडर
(c) कॉमएग्जाम (d) दिशारी **[d]**

**व्याख्या –**

- दिशारी एप शैक्षिक मोबाइल एप्लिकेशन है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मुफ्त अध्ययन सामग्री प्रदान करता है। यह ऐप राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों को जियो-टैग करने के लिए 'प्रबंधन सूचना प्रणाली' ऐप भी प्रदान करेगा।
- राजस्थान संपर्क- संबंधित विभागों को नागरिकों की शिकायतें प्रदान करने के लिए समर्पित ऑनलाइन पोर्टल है।
- कॉलेज के छात्रों को अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान सरकार ने माईबुकलो ऐप शुरू किया।

**10. राजस्थान के किस जिले में बच्चों के लिए पहली कैथ लैब स्थापित की जा रही है?**

(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) अजमेर (d) जयपुर **[b]**

**व्याख्या –**

- कैथ लैब कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला है, जिसमें डायग्नोस्टिक इमेजिंग उपकरण होते हैं जो हृदय की धमनियों और हृदय के कक्षों की कल्पना करते हैं और किसी भी स्टेनोसिस या असामान्यता का इलाज करते हैं। राजस्थान के जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में बच्चों के लिए पहली कैथ लैब स्थापित की गई है।

**11. सन्तरों के उत्पादन के कारण किस जिले को राजस्थान का 'छोटा नागपुर' कहा जाता है?**

(a) कोटा (b) बाराँ
(c) बूँदी (d) झालावाड़ **[d]**

**व्याख्या –**

- राजस्थान का झालावाड़ जिला संतरे की बागवानी के लिए प्रसिद्ध है। देश में नागपुर (महाराष्ट्र) में सर्वाधिक संतरा उत्पादन किया जाता है। इसलिए झालावाड़ को 'राजस्थान का नागपुर' कहा जाता है।
- झालावाड़ राजस्थान राज्य के दक्षिणपूर्वी स्थान पर स्थित जिसकी स्थापना झाला ज़ालिम सिंह ने की थी। झालावाड़ को बृजनगर के नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान राज्य में सबसे अधिक वर्षा झालावाड़ जिले में होती है। कोटा चंबल नदी के तट पर स्थित है।

**12. राजस्थान की कामधेनू डेयरी योजना, 2021 के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं?**

**(A) लाभार्थी के पास हरा चारा उत्पादन करने के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि होनी चाहिए।**

**(B) दुग्ध उत्पादन 10 -12 लीटर प्रतिदिन होना चाहिए।**

**(C) लाभार्थी को इस क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक हैं।**

**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर दें :**


(a) केवल (B) और (C)
(b) केवल (A) और (C)
(c) (A), (B) तथा (C)
(d) केवल (A) और (B) **[c]**

**व्याख्या –**

- कामधेनु डेयरी योजना को वर्ष 2021 में शुरू किया गया है। इसके तहत चयनित लाभार्थियों को रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को अपने व्यावसायिक खर्च का केवल 10% स्वयं वहन करना होगा, जबकि 90 फीसदी का निवेश बैंक से ऋण के जरिए उपलब्ध होगा, जो निर्धारित समय अवधि में चुकाने पर 30% सब्सिडी का लाभ भी दिया जाता है। लाभार्थी को इस क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक हैं। दुग्ध उत्पादन 10 -12 लीटर प्रतिदिन होना चाहिए, लाभार्थी के पास हरा चारा उत्पादन करने के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि होनी चाहिए एवं 3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है ।

**13. नीचे दी गई अंक शृंखला में प्रश्नसूचक (?) के स्थान पर कौन-सा अंक आयेगा?**
**4, 7, 12, 21, 38, ?**
(a) 71 (b) 78
(c) 77 (d) 75 **[a]**

**व्याख्या –**




**14. दो संख्याएँ 3 : 7 के अनुपात में है। यदि इन दोनों संख्याओं में से प्रत्येक में 8 जोड़ दिया जाता है, तो उनका अनुपात 5 : 9 हो जाता है। वह संख्याएँ क्या हैं?**
(a) 6, 14
(b) 15, 35
(c) 24, 56
(d) 12, 28 **[d]**

**व्याख्या –**

$\left.\begin{matrix}3:7\\5:9\end{matrix}\right] = 2:8 = 1:4$

$\frac{3:7}{5:9} = \frac{1}{4} = 3\times4 = 12$

7×4 = 28


**15. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन तथा उसके नीचे दो तर्क I और II दिए गए हैं। कौन-सा उत्तर सही है?**
**कथन :**
**क्या प्रतिष्ठित लोग, जो कि अज्ञानवश अपराध कर देते है, के साथ विशेष व्यवहार किया जाना चाहिए?**
**तर्क :**
**I : हाँ, प्रतिष्ठित लोग जानबूझकर अपराध नहीं करते हैं।**
**II : नहीं, यह हमारी नीतिज्ञता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं।**
(a) केवल तर्क II प्रबल है।
(b) या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(d) केवल तर्क I प्रबल है। **[a]**

**व्याख्या –**


– यदि प्रतिष्ठित लोग, जो कि अज्ञानवश अपराध कर देते है, के साथ विशेष व्यवहार नहीं किया जा सकता क्योंकि यह हमारी नीतिज्ञता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं।

**16. एक कूट भाषा में PLANT को QMBOU के रूप में कूटबद्ध किया गया है, तो उसी भाषा में शब्द TOYOTA का कूट क्या होगा?**
(a) UPZPUB
(b) UPSZPU
(c) ZPUBPU
(d) PUZUBP **[a]**

**व्याख्या –**




**17. निम्न दिए गए पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए -**




**I. सरकारी क्षेत्र में रोजगार में**
**II. निजी क्षेत्र में रोजगार में**
**III. निगमित क्षेत्र में रोजगार में**
**IV. स्वरोजगार में**
**V. बेरोजगार**
**अगर किसी शहर में कुल वयस्क 60,000 हैं, तो कितने लोग बेरोजगार हैं?**
(a) 2,000 (b) 3,000
(c) 2,500 (d) 1,800 **[b]**

**व्याख्या –**

कुल वयस्क = 60,000
बेरोजगार = $18^0$
$\frac{18}{360} \times 60,000 = 3000$

**18. एक विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने के लिए 35% अंक प्राप्त करने थे। उसने 650 अंक प्राप्त किए और 50 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। पूर्णांक कितने थे?**
(a) 1500 (b) 2000
(c) 2500 (d) 1000 **[b]**

**व्याख्या –**

प्राप्त अंक = 650
अनुत्तीर्ण = 50 अंक से
उत्तीर्ण हाने के लिए चाहिए = 650 + 50 = 700 अंक
उत्तीर्ण होने के लिए 35% अंक प्राप्त करने थे।
$= \frac{700}{35} \times 100$
= 2000 पूर्णांक

**19. एक राशि का वार्षिक ब्याज दर के हिसाब से 2 वर्ष का साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज क्रमशः ₹ 900 और ₹ 954 है। मूलधन कितना है?**
(a) ₹ 3,650 (b) ₹ 3,850
(c) ₹ 3,750 (d) ₹ 3,700 **[c]**

**व्याख्या –**

2 वर्ष के **साधारण** ब्याज व चक्रवृद्धि ब्याज में अंतर होगा = 954-900= ₹54

2 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ 900

1 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹450

दर = $\frac{54}{450}\times100$ = 12%

मूलधन = $\frac{900\times100}{12\times2}$ = ₹3750

**20. दिए गए कथन और नीचे दिए गए निष्कर्षों पर विचार कीजिए-**

**कथन : एक कमरा फूलों से खूबसूरत दिखता है।**

**निष्कर्ष I : कमरों को सजाने के लिए फूल उगाये जाते हैं।**

**II. बिना फूलों का कमरा बदसूरत दिखता है।**

**उत्तर दीजिए:**

(a) निष्कर्ष-II कथन का अनुकरण करता है।

(b) दोनों निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-II कथन का अनुकरण करते हैं।

(c) न तो निष्कर्ष-I और ना ही निष्कर्ष-II कथन का अनुकरण करते हैं।

(d) निष्कर्ष-I कथन का अनुकरण करता है। **[c]**

**व्याख्या –**

- केवल कमरा फूलों से सजाने पर ही खूबसूरत नहीं दिखता है। कमरा बनावट और अन्य कारणों से भी खूबसूरत दिख सकता है।
- केवल कमरों को सजाने के लिए ही फूल नहीं उगाये जाते हैं, जबकि फूलों का अन्य उपयोग भी होता है।

**21. टोक्यो ओलम्पिक 2020 में काँस्य पदक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने निम्न में से किस टीम को हराया?**

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) जर्मनी

(c) हॉलैंड (d) बेल्जियम **[b]**

**व्याख्या –**

- टोक्यो ओलंपिक 2020, भारत ने ओलिंपिक में कुल 7 पदक जीते। इस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को हराकर कांस्य पदक जीता था।

**22. 'एमलैक्स (AMLEX)' नामक ऑक्सीजन राशनिंग उपकरण को किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में विकसित किया है?**

(a) आई.आई.टी. बॉम्बे (b) आई.आई.टी. दिल्ली

(c) आई.आई.टी. इंदौर (d) आई.आई.टी. रोपड़ **[d]**

**व्याख्या –**

- 'एमलैक्स (AMLEX)' नाम के नामक उपकरण को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ (आई.आई.टी. रोपड़) ने विकसित किया है। मेडिकल ऑक्सीजन उपयोग क्षमता (सिलेंडरों की) को तीन गुना बढ़ाने के लिए इस उपकरण को विकसित किया गया है। यह उपकरण रोगी द्वारा साँस लेने और छोड़ते समय रोगी को आवश्यक मात्रा में ऑक्सीजन की आपूर्ति करता है। यह प्रक्रिया ऑक्सीजन की बचत करेगी और ऑक्सीजन की अनावश्यक बर्बादी को रोकेगा।

**23. एक कक्षा में विद्यार्थियों के दिए गए अंक 60, 96, 28, 35, 10, 40, 9, 85 और 25 का विस्तार (रेन्ज) ज्ञात कीजिए-**

(a) 87 (b) 90

(c) 65 (d) 85 **[a]**

**व्याख्या –**

कक्षा में विद्यार्थियों के लिए अंक = 60, 96, 28, 35, 10, 40, 9, 85, 25

विस्तार (रेंज)= सबसे बड़ी संख्या में से सबसे छोटी संख्या घटना

$\therefore\ 96-9=87$


**24. नीचे दी गई शृंखला में प्रश्नसूचक (?) के स्थान पर क्या आएगा?**

**B, C, E, H, L, ?**

(a) N (b) P

(c) Q (d) M **[c]**

**व्याख्या –**




**25. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की बैठक की अध्यक्षता करने वाले प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री हैं -**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) नरेन्द्र मोदी

(c) इंदिरा गांधी (d) अटल बिहारी वाजपेयी **[b]**

**व्याख्या –**

- नरेंद्र मोदी प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अगस्त, 2021 को संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की थी। संयुक्त राष्ट्र एक अंतर सरकारी संगठन है जो 15 सदस्यीय संस्था है। इसमें 5 सदस्य स्थाई तथा 10 अस्थाई सदस्य होते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करना है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के मुख्य अंग 6 हैं- संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, महासभा, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, न्यास परिषद, आर्थिक और सामाजिक परिषद व सुरक्षा परिषद आदि।

**26. टोक्यो ओलम्पिक 2020 के भारतीय ओलम्पिक दल के आधिकारिक थीम गीत का संगीतकार एवं गायक निम्न में से कौन है?**

(a) ए.आर. रहमान (b) शंकर महादेवन

(c) मोहित चौहान (d) विशाल ददलानी **[c]**

**व्याख्या –**

- टोक्यो ओलम्पिक 2020 की भारतीय ओलंपिक टीम का आधिकारिक थीम गीत लॉन्च किया- 'तू ठान ले' गीत लोकप्रिय पार्श्व गायक मोहित चौहान द्वारा रचित और गाया गया है। इस गीत का शीर्षक "लक्ष्य तेरा सामने" है ।
- मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और पुरूष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह टोक्यो में शुरू होने वाले टोक्यो ओलम्पिक के उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक थे।

विज्ञापन

मुश्किल परीक्षाऐं भी आसान लगेगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# तृतीय श्रेणी (3rd Grade)


## अध्यापक भर्ती परीक्षा

## LEVEL-I and LEVEL-II

(हिन्दी, ENGLISH, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, SCIENCE-MATH)

### - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- OFFLINE CLASSROOM BATCH




### क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

MRP : ₹399

Scan to Download Lakshya App Now
Google play

INSTAGRAM FACEBOOK YOUTUBE TELEGRAM

S. No. : AP0021
CODE : APGC

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur